# हरिभूमि भिवानी-दादरी भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 10 अक्टूबर 2025

13 पटवारियों व कानूनगो ने मांगों को लेकर डीसी को सौंपा



14 60 लाख की लागत से सुधरेगी मंडी टाऊन...








## खबर संक्षेप

### बाला जी मंदिर में 12 को होगा हवन का आयोजन

**बवानीखेड़ा।** शहर के स्वतंत्रता सेनानी ठाकुर शंभू सिंह महिला महाविद्यालय के पास श्री नारायण दत्त बालाजी मंदिर में दीपावली महापर्व पर आयोजित किया जाने वाला संकटमोचन हवन, यज्ञ व भंडारे का आयोजन 12 अक्टूबर को आयोजित किया जाएगा। उसकी पूर्व संध्या पर कीर्तन 11 अक्टूबर को रात्रि में किया जाएगा। जानकारी देते हुए पुजारी आचार्य राम लाल शास्त्री, डॉ. राकेश अत्री ने बताया कि पिछले 53 सालों से दीवाली और होली से पूर्व श्री बालाजी की प्रसन्नता के लिए मंदिर में हवन का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सहस्त्रनाम आहुति दी जाती हैं।

### डबल डस्टबिन प्रयोग करने को लेकर हुई बैठक

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा नगर पालिका कार्यालय में रेहड़ी चालकों को डबल डस्टबिन प्रयोग करने व उसके फायदों के बारे में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को संबोधित नपा सचिव संदीप गर्ग ने किया। उन्होंने सभी रेहड़ी चालकों को बताया कि ग्राहकों द्वारा कुछ भी खाने पश्चात रोड़ पर गंदगी फैला दी जाती है जिससे दिक्कतों का सामना करना पड़ता है इसलिए सभी रेहड़ी चालकों को डबल डस्टबिन का प्रयोग करना चाहिए और प्रतिबंधित प्लासिटक का प्रयोग न करने की भी हिदायत दी।

### सर्व कर्मचारी संघ ब्लॉक तोशाम की बैठक हुई

**तोशाम।** सर्व कर्मचारी संघ ब्लॉक तोशाम की बैठक गुरुवार को पंचायती राज विभाग प्रांगण में आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता ब्लॉक प्रधान दिलबाग सिंह लांबा व बैठक का संचालन सचिव राजेश दूल्हेड़ी ने किया। ज्ञात हो कि त्रिवार्षिक चुनाव के बाद प्रधान दिलबाग सिंह लांबा की अध्यक्षता में यह पहली बैठक थी। इस दौरान बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता विनोद माजरा ने कहा कि सरकार सभी विभागों में खाली पदों पर नियमित भर्ती करे, आठवां वेतन आयोग जल्द से जल्द गठित करके लागू किया जाए।

### जुआ खेलते 8 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**भिवानी।** पुलिस सीआईए स्टाफ -2 भिवानी की टीम ने ताश के पत्तों पर पैसा लगाकर जुआ खेलते 08 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक लाख 2590 रुपये की राशि बरामद की है। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सीआईए स्टाफ-2 भिवानी के मुख्य सिपाही हरि सिंह अपनी टीम के साथ गश्त पड़ताल ड्यूटी बस अड्डा लोहानी मौजूद थे।

### ठोस अपशिष्ट डालने पर लगाया प्रतिबंधित

**चरखी दादरी।** प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी डा सुनील श्योराण ने बताया कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के आदेशानुसार प्रकाश यादव बनाम राज्य हरियाणा एवं अन्य के मामले सहित हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के निर्देशों की अनुपालना में किसी भी सार्वजनिक अथवा अनधिकृत स्थान पर ठोस अपशिष्ट फेंकना या डालना पूर्ण रूप से प्रतिबंधित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि आदेशों का उल्लंघन करने वालों पर नियमानुसार पर्यावरण क्षतिपूर्ति-जुर्माना लगाया जाएगा।

### बाजारों में ज्वैलरी, साड़ी, चूड़ी व कॉस्मेटिक शॉप सहित अनेक दुकानों पर रही महिलाओं की भीड़

# शाम 8:10 बजे होगा चांद का दीदार, सुहागिनें अर्घ्य देकर खोलेंगी करवाचौथ का उपवास







**भिवानी।** किरोड़ीमल मंदिर के सामने जगदीश कंगन पैलेस पर चूड़ा व चूड़ियां खरीददती महिलाएं, अरिहंत ज्वैलर्स पर चांदी के बर्तनों व गहने खरीददती महिलाएं व करवाचौथ पर्व पर खरीददारी के लिए बाजार में उमड़ी भीड़। *फोटो: हरिभूमि*

**पति की लम्बी उम्र के लिए सुहागिनें सोलह श्रृंगार कर दिनभर रहती भूखी-प्यासी**

राकेश भटठी ⏭ भिवानी

मेरे हाथों में चूड़ी खनकती रहे, मैया मुझे सुहागन बनाए रखना व सजना हैं मुझे सजना के लिए, गीत हर सुहागिन की जुबां पर हैं, क्योंकि 10 अक्टूबर शुक्रवार को सुहागिनों के लिए सबसे खास करवा चौथ पर्व हैं। करवाचौथ पर्व पर सुहागिनें अपने पति की दीर्घायु के लिए उपवास रखेगी और उनके लिए सज्जे संवरेगी। करवाचौथ पर सुहागिनें सोलह श्रृंगार कर पूरे दिन भूखी-प्यासी उपवास रख चौथ माता से पति की लम्बी उम्र की कामना करती हैं। इस बार 10 अक्टूबर शुक्रवार को शाम 8:10 बजे पर चंद्र उदय होगा और सुहागिनें छलनी के अंदर से चांद व पति का दीदार कर पति के हाथों से जल ग्रहण कर उपवास खोलेंगी। उल्लेखनीय हैं कि करवाचौथ का व्रत 10 अक्टूबर शुक्रवार हैं। सुहागिनें दिनभर निर्जला व्रत रखकर दोपहर को चौथ माता की

#### थाली में ये रखे पूजन सामग्री



पंडित विजय शास्त्री ने बताया कि करवाचौथ पूजन की थाली में खांड के दो करवे, चंदन, शहद, अगरबत्ती, पुष्प, कच्चा दूध, शक्कर, शुद्ध घी, दही, मिठाई, गंगाजल, कुमकुम, चावल, मेहंदी, सुहाग सामग्री, मिट्टी का टोंटीदार करवा व ढ़क्कन, दीपक, रुई, कपूर, गेहूं, बूरा, हल्दी, पानी का लोटा और पीली मिट्टी का गणेश बनाकर रखें। वहीं लकड़ी की चौकी पर चौथ माता तस्वीर रखकर कहानी सुनकर अर्घ्य दें।

#### काफी उत्साह

अरिहंत ज्वैलर्स के संचालक नीलम जैन ने बताया कि करवाचौथ पर्व को लेकर बाजार में सप्ताहभर से जबरदस्त भीड़ हैं। करवाचौथ पर्व को लेकर स्वर्णकारों ने पहले ही नई-नई डिजाइनों की चांदी की तागड़ी, पायजेब, चुटकी, सिक्का व चांदी के बर्तनों आदि बनवा रखे हैं, जिनकी अच्छी खासी बिक्री हो रही हैं। करवा चौथ पर चांदी के बर्तन, सिक्का, पायजेब, तागड़ी, चुटकी, अहोई माता के मनके, माता की तस्वीर की जमकर बिक्री हो रही हैं। वह सोने की चैन और अंगूठी भी बिक रही हैं।

#### दुबई की चूड़ी व रजवाड़े चूड़ों की मची धूम

किरोड़ीमल मंदिर के सामने जगदीश कंगन पैलेस के संचालक पवन लखेरा ने बताया कि करवाचौथ पर रजवाड़े चूड़े व दुबई की चूड़ियों की बाजार में धूम मची हुई हैं। रजवाड़े 150 से 1000 रुपये तक चार कड़ों का सैट बिक रहा हैं। वहीं दुबई की चुड़िया 100 रुपये दर्जन बिक रही हैं। इनके अलावा बाजार में बोरोसिल के कड़े 150 से 250, कुंदन के कड़े 250, जरकन कड़े 300 रुपये में चार का सैट बिक रहा हैं। इसके अलावा करवाचौथ थाली 100 से 450 रुपये तक बिक रही हैं, जो महिलाएं की पसंद बने हुए हैं। वहीं लाइटिंग करवाचौथ थाली बिक रही हैं, जिसमें थाली, लोटा व छलनी को सुंदर तरीके से सजाया गया हैं, जिससे सुहागिनें चांद वर पति का दीदार करेंगी।

#### मेहंदी लगवाने को घंटों करना पड़ रहा इंतजार

बाजारों में दुकानदारों ने अपनी दुकानों के आगे कमीशनवेश पर मेहंदी लगाने वालों को बैठा रखा हैं, जो मेहंदी लगाकर खुद भी कमा रहे और दुकानदार को भी दे रहे हैं। मेहंदी लगाने वाली सोनल, शशि, जयश्री, चेतना ने बताया कि करवाचौथ पर महिलाओं के हाथ व पैरों में मेहंदी लगने से सुंदरता बढ़ जाती हैं। महिलाओं के दोनों हाथों में मेहंदी लगवाने पर छह सौ रुपये तथा दोनों हाथों व दोनों पैरों में मेहंदी लगवाने पर एक हजार रुपये चार्ज किया जाता हैं।

#### मां पार्वती ने रखा था शिव के लिए उपवास

केएल ज्योतिष अनुसंधान केंद्र के ज्योतिषाचार्य पंडित विजय शास्त्री ने बताया कि 10 अक्टूबर शुक्रवार को करवा चौथ पर्व मनाया जाएगा। लगभग 200 वर्ष बाद करवा चौथ पर सिद्धि योग और शिववास योग का निर्माण हो रहा हैं। शाम 8:10 बजे चंद्रोदय होगा और महिलाएं थाली को सुंदर तरीके से सजाकर चंद्रमा को अर्घ्य देकर अपने पति की दीर्घायु की कामना करें। हिंदू धर्म शास्त्रों के अनुसार करवाचौथ व्रत रखने की शुरूआत मां पार्वती के समय से है। माता पार्वती ने भगवान शिव के लिए करवाचौथ का व्रत रखा था।

## सड़क सुरक्षा के नियम बताए

- डीसी ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की ली बैठक, ओवरलोड वाहनों पर लगाम लगाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने जिला सड़क सुरक्षा समिति एवं सुरक्षित स्कूल वाहन नीति को लेकर लघु सचिवालय सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश देते हुए कहा कि जिले में ओवरलोड चलने वाले वाहनों पर पूर्ण रूप से रोक लगाएं। उन्होंने कहा कि ओवरलोड वाहनों पर कार्यवाही कर आरटीए कार्यालय की ओर से चालान करवाएं। ओवरलोड वाहनों की चेकिंग 24 घंटे लगातार सुनिश्चित करें। जिला में विभिन्न स्थानों पर टीम बनाकर कार्यवाही करें। केवल आदेश तक सीमित न रहें, कार्यवाही नजर आनी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि ओवरलोड वाहनों पर की जाने वाली कार्यवाही की रिपोर्ट दैनिक आधार पर उपायुक्त कार्यालय को दें। कार्यवाही के दौरान अगर आवश्यकता हो तो पुलिस की सहायता के लिए पुलिस अधीक्षक कार्यालय से संपर्क करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिला में ओवरलोड वाहनों पर कार्यवाही दिखनी चाहिए।



**चरखी दादरी।** बैठक में सड़कों की हालत पर चर्चा करते उपायुक्त। *फोटो: हरिभूमि*

#### अफसरों को दिए निर्देश

जिला में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए दुर्घटना संभावित स्थलों की पहचान कर सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा कि समिति का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं की संख्या और उससे होने वाली मृत्यु दर में कमी लाना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा के लिए तकनीकी उपायों के साथ-साथ जन-जागरूकता भी आवश्यक है। पुलिस विभाग को चालान प्रक्रिया के साथ-साथ आमजन को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करने की जरूरत है।

## कार्यशाला में सिखाई कचरे से खाद बनाने की विधि

- उपमंडल अधिकारी योगेश सैनी ने स्वयं सहायता महिलाओं को घरेलू कचरे के निस्तारण के लिए प्रेरित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी



**चरखी दादरी।** बैठक में एसडीएम योगेश सैनी का स्वागत करते आयोजक।

स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान के दौरान नगर परिषद द्वारा एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में उपमंडल अधिकारी योगेश सैनी ने स्वयं सहायता महिलाओं को घरेलू कचरे के निस्तारण के लिए प्रेरित किया। कार्यशाला में गांव बलाली निवासी केशव कृष्ण और योगेश द्वारा किए जा रहे वर्मी कंपोस्ट पर विस्तारपूर्वक बताया। इसी कड़ी में वार्ड नंबर 19 निवासी रामफल व जमुना देवी और वार्ड नंबर 21 निवासी सुमन फोगाट द्वारा किए जा रहे प्रयासों की भी सराहना की। रामफल व जमुना ने अपने घर की छत पर रसोई से निकलने वाले कचरे से खाद तैयार की जा रही है। इन्होंने खाद से विभिन्न प्रकार की पौध तैयार करने के बारे में विस्तार पूर्वक समझाया। सुमन फोगाट द्वारा घरेलू कचरे को पुनः प्रयोग करते हुए उनका प्रयोग करने की स्वयं सहायता समूह महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया।उपमंडल अधिकारी योगेश सैनी ने समूह महिलाओं को ट्रिपल आर रिड्यूस रीयूज रीसाइकिल करने पर जोर देने के लिए प्रेरित किया। कचरा निस्तारण के लिए स्वयं सहायता समूह महिलाओं को हर संभव प्रयास के लिए भी आश्वासन दिया गया।

#### ये रहे मौजूद

नप चेयरमैन बक्शीराम सैनी और वाइस चेयरमैन संदीप फौगाट ने महिलाओं को बढ़ चढ़कर कचरा निस्तारण के लिए आगे आने की अपील की। उन्होंने महिलाओं को अपने दैनिक कार्यों में कचरा निस्तारण की आदत बनाने पर जोर दिया। कार्यशाला में नप से मुख्य सफाई निरीक्षक राजेश कुमार, एनयूएलएम डिपार्टमेंट से विनय जोशी, स्वच्छ भारत मिशन से ज्योति शर्मा व सीमा आदि उपस्थित रहे।

## सांसद के हस्तक्षेप के बाद लाइनपार क्षेत्र को जल्द मिलेगा रेलवे स्टेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

**क्षेत्र में पांच वार्डों की लगभग 60 हजार की आबादी को मिलेगी राहत: रोहताश**

दिनोद रोड लाइनपार क्षेत्र के हजारों रेलयात्रियों को जल्द ही रेलवे स्टेशन तक आने-जाने के लिए सुगम और सुरक्षित रास्ता उपलब्ध होगा। यह पहल राज्यसभा सांसद किरण चौधरी के हस्तक्षेप के बाद संभव हुई है, जिन्होंने क्षेत्रवासियों की मांगों को रेलवे अधिकारियों तक पहुंचाया था। रेलवे ने आश्वासन दिया कि सेकंड फेज के प्रारूप को मंजूरी मिलते ही काम शुरू कर दिया जाएगा।

#### लोगों ने सौंपा था ज्ञापन

समस्या काफी गंभीर है, क्योंकि इस क्षेत्र में पांच वार्डों की लगभग 60 हजार की आबादी निवास करती है। इसके अलावा अनाजमंडी, कॉलेज, और तोशाम विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों गांवों के लोग भी रेलगाड़ी में सफर करने के लिए जोखिम उठाती हैं। रेलवे स्टेशन के इस गंभीर मुद्दे को लेकर रेल अंडरपास महापंचायत ने 17 जुलाई को स्टेशन निरीक्षण दौरे के समय सांसद किरण चौधरी को ज्ञापन सौंपा था। ज्ञापन में स्टेशन की दूसरी तरफ (लाइनपार क्षेत्र में) प्रवेश द्वार बनवाने, टिकट खिड़की खोलने, माल गोदाम प्लेटफार्म को पैसेंजर प्लेटफार्म में बदलने, यात्रियों के लिए सुगम और सुरक्षित रास्ते का प्रावधान करने की मांग रखी गई थी, जिस पर सांसद किरण चौधरी ने तुरंत संज्ञान लेते हुए रेलवे अधिकारियों को तत्काल समाधान करने के निर्देश दिए थे।

**आक्रोश** मांग पूरी नहीं हुई तो फिर उतरेंगे देवनगर के लोग सड़कों पर: सूर्या

## मांगों को लेकर गरजे देवनगर के लोग, न कॉलोनी अप्रूवड हुई और न ही मूलभूत सुविधाएं मिल पाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

देवनगर के अप्रूवड कराने ,मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाए जाने सहित अनेक मांगों को लेकर पार्षद सूर्या तंवर की अगुवाई में लोगों ने देवनगर चौक पर प्रदर्शन किया। जिला प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि विगत में देवनगर को वैध करवाए जाने के लिए 31 मार्च तक का समय दिया था,लेकिन आज तक उनकी यह मांग पूरी नहीं हो पाई है। जिस वजह से कॉलोनी के लोगों को मूलभूत सुविधाओं के लिए भी तरसना पड़ रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर उनकी मांग पूरी नहीं की गई तो वे फिर से सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे। पार्षद सूर्या तंवर ने बताया कि देवनगर कॉलोनी करीब 50 साल से आबाद है। अभी तक सरकार ने इस कॉलोनी को वैध का दर्जा नहीं दिया है। जिस वजह से कॉलोनी में न पीने के पानी की कोई समुचित व्यवस्था और न ही पानी की निकासी की व्यवस्था बन पाई है। जिस वजह से लोग पीने के पानी के लिए दर दर भटक रहे है।



**भिवानी।** देवनगर को वैध कराए जाने की मांग को लेकर प्रदर्शन करते हुए।

#### लोगों का यह है आरोप

उन्होंने बताया कॉलोनी के अनेक घरों में बिजली का तो कैनेक्शन है,लेकिन खंभों की कम संख्या की वजह से बिजली के तार लटक रहे है। जो कि कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। इस बारे में कई बार प्रशासन को सूचना दी गई ,लेकिन उनकी इस मांग को अनसुना कर दिया जाता है। उन्होंने बताया कि विगत में देवनगर में भारी बारिश के चलते जलभराव हो गया,लेकिन उन्होंने खुद व थोड़ी बहुत नप की मदद से पानी की निकासी करवाई। इस मौके पर पार्षद वार्ड नंबर एक सुर्य कांत तंवर, श्री भाल सिंह,उप प्रधान संदीप तालू,अशोक, विजेंद्र परमार,संदीप पंघाल, जितेंद्र गोयत,महाबीर सिंह, दलबीर,भुवन, नवीन,उमेश शर्मा, ओमप्रकाश,सतीश आदि रहे।



पर्व उद्देश्य / डॉ. मोनिका शर्मा

गणेशोत्सव के बाद नवरात्र, दशहरा और अब दीपावली आ रही है। त्योहारों की यह श्रृंखला हमें उत्सवी उल्लास में रंगकर आपस में जोड़ती है, हम नई ऊर्जा-उमंग से भर उठते हैं। इसलिए हम हर पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाएं, इसके उद्देश्य और संदेश को जानें-समझें और अपने जीवन में नए रंग भरें, ऊर्जावान हों।

# आओ रंग जाएं उत्सवी रंग में

प्यारे बच्चो, भारत को त्योहारों का देश कहा जाता है। साल भर यहां किसी ना किसी त्योहार की धूम रहती है। हर राज्य, हर क्षेत्र के लोगों के पास किसी न किसी पर्व या उत्सव के रंग में रंग जाने का मौका देखा जा सकता है। हमारी कल्चरल डायवर्सिटी (सांस्कृतिक विविधता) के चलते ये सतरंगी उत्सव जीवन में खुशियों की सौगात लेकर आते हैं। इन दिनों भी तुम्हें अपने आस-पास त्योहारी रौनक दिख रही होगी।

बच्चो, इन त्योहारों की रौनक कोई पूजा-अर्चना भर नहीं है। ना ही स्कूल से मिली त्योहारी छुट्टियां खाने-पीने और मौज उड़ाने का मौका भर हैं। हमारे पर्व और उनको मनाने से जुड़े विधि-विधान बहुत कुछ सीखने-समझने का सुनहरा अवसर होते हैं। ऐसे उत्सव अपने परिवार से मिलने-जुड़ने की मनभावन परंपराएं साथ लाते हैं। बच्चो, इस बार भी तुम त्योहारों की धूम की खूब खुशियां बटोरो, उत्सवीय रंगों में रंग उठो।

## त्योहारों का लो आनंद

बच्चो, इस साल के त्योहारी सीजन के कुछ पर्व तो हमने मना लिए हैं, कुछ त्योहार आने अभी बाकी हैं। पहले खूब धूमधाम से गणपति की पूजा हुई फिर नवरात्र में मां दुर्गा की पूजा की गई, दशहरा पर रामलीलाएं और रावण दहन भी तुमने देखा। अब सबको धनतेरस, दीपावली और भैया दूज जैसे त्योहारों की रौनक का इंतजार है। तुम भी इस त्योहारों की श्रृंखला का खूब आनंद लो। हमारे देश में साल के ये दिन खुशियां मनाने और बांटने का अवसर लेकर आते हैं। इसीलिए दीपावली और इससे जुड़े अन्य त्योहारों को सबके साथ हंसी-खुशी मनाओ, अपनों के संग समय बिताओ। बड़ों का आशीर्वाद लो। सबसे गले मिलो और खूब प्यार बांटो। त्योहार के मौके पर आने वाले सगे संबंधियों, रिश्तेदारों का खूब प्यार से स्वागत करो। इस मेल-जोल से तुम्हें एक खुशी मिलेगी। सबसे बातचीत करने का सलीका आएगा।

## कुछ नया सीखो

बच्चो, त्योहार नई चीजें सीखने का सुंदर मौका होते हैं। दीपावली की साफ-सफाई में मम्मा की मदद करना कई लाइफ स्किल्स सिखाता है। अपनी चीजों को संभालकर रखने से लेकर कमरे को क्लटर फ्री करने तक, कई काम और एक्टिविटीज सीखने को मिलती हैं। घर की सजावट करना हो या किसी फेस्टिवल पर किया जाने वाला खास नृत्य, सब कुछ स्किल्स ही तो हैं। जैसे नवरात्र में गरबा नृत्य किया जाता है तो दीपावली में रंगोली बनाने का रिवाज है। बच्चो, अपने रिश्तेदारों और दोस्तों के साथ मिलकर त्योहार मनाना, ट्रेडिशनल ड्रेस पहनना, परंपरागत रिवाज निभाना, ये सब कुछ सीखने में रुचि लेनी चाहिए। त्योहारों से जुड़ी पुरानी बातें भी तुम्हारे लिए तो नई ही हैं। हमारे त्योहार तो खुशियां मनाना ही नहीं अलग-अलग ढंग से दूसरों की मदद करना भी सिखाते हैं।





## स्क्रीन से तो दूरी भली

बच्चो, त्योहारी रौनक में अपना टाइम, स्मार्टफोन, टैब या लैपटॉप की स्क्रीन में झांकते हुए बिताने की गलती तुम्हें नहीं करनी है। चमकती स्क्रीन में ऑनलाइन गेम्स खेलने या दूसरी एक्टिविटीज में गुम रहने के बजाय रीयल वर्ल्ड की रौनक देखने में रुचि लो। स्मार्ट गैजेट्स लेकर बैठने के बजाय पूजा की तैयारियों और घर में सजावट के छोटे-मोटे काम करने में बड़ों की मदद करो। रोशनी के त्योहार दीपावली पर रंग-बिरंगी रंगोली बनाने या घर की लाइटिंग करने में भी मदद कर सकते हो। त्योहारी छुट्टियां अपनों के साथ बिताने के लिए होती हैं। बच्चो, सेलिब्रेशन के इस उजास में घर सजाने, दीये जलाने, परिवार के सदस्यों के साथ रीति-रिवाज अपनाने का एक बहुत अच्छा अवसर है। *

## परंपराओं के बारे में जानो

बच्चो, अपने पर्वों को हर्षोल्लास के साथ मनाने के अलावा इनके बारे में जानने में भी रुचि लो। हमारे सभी त्योहारों से कोई ना कोई कहानी जुड़ी है, इसके पीछे कोई बड़ा संदेश भी छुपा है। इसीलिए त्योहारों का आनंद लेते हुए घर के बड़ों से इन पर्वों की कहानियों के बारे में जरूर जानो, ताकि त्योहारों के महत्व को और अच्छे से समझ सको। जैसे दीपावली का पर्व अंधकार पर उजाले की जीत का पर्व है। वैसे ही हर त्योहार से जुड़ी परंपराएं अच्छी और सच्ची सीख ही देती हैं। बच्चो, घर के बड़े-बुजुर्ग हों या अध्यापक, इन सभी को पर्वों से संबंधित सवालों का जवाब देने में खुशी ही मिलती है। वे बहुत मन से सारी कहानियां बताने में रुचि लेते हैं। यह बातचीत तुम्हें इन त्योहारों को गहराई से जोड़ेगी।

यूजफुल इंस्ट्रूमेंट

# सब कुछ कर दे क्लीन वैक्यूम क्लीनर

बच्चो, त्योहार का सीजन हो या कोई आम दिन, साफ-सफाई के दौरान डस्टिंग-क्लीनिंग को ईजी और इफेक्टिव बनाता है वैक्यूम क्लीनर। जानो, वैक्यूम क्लीनर से जुड़ी कुछ रोचक बातें।



बच्चो, दिवाली आने में कुछ ही दिन शेष हैं। तुम्हारे घर में भी जोर-शोर से दिवाली की सफाई चल रही होगी। साफ-सफाई के दौरान जमी हुई धूल-मिट्टी और गंदगी को दूर करने में वैक्यूम क्लीनर काफी मददगार होता है। आजकल घरों में, ऑफिस में, स्कूलों में, लाइब्रेरीज या सार्वजनिक स्थानों, जैसे- एयरपोर्ट, मेट्रो आदि स्थानों पर साफ-सफाई के लिए इलेक्ट्रिक वैक्यूम क्लीनर का इस्तेमाल किया जाता है। यह बहुत ही आसानी से धूल कणों और गंदगी को साफ कर देता है।

**कुछ ऐसा था शुरुआती वैक्यूम क्लीनर:** वैक्यूम क्लीनर के आविष्कार का प्रयत्न सन 1800 के अंतिम दिनों से शुरू हो गया था। घर के काम में आने वाले उपकरणों के आविष्कारकर्ताओं ने पहले भी इलेक्ट्रिक क्लीनर बनाया था, लेकिन यह आधुनिक वैक्यूम क्लीनर से कई मामलों में अलग था। इन इलेक्ट्रिक क्लीनर से निकलने वाली तेज हवा धूल को खींचने के बजाय बाहर की तरफ उड़ा देती थी, जिससे ये धूल उड़ कर चारों ओर रखी चीजों पर जम जाती थी।



**आधुनिक वैक्यूम क्लीनर:** सन 1901 में ब्रिटेन के एच.सी. बोथ ने पहला ऐसा वैक्यूम क्लीनर बनाने में सफलता पाई, जो धूल को उड़ाने के बजाय अपने अंदर खींच लेता था। उसके बाद से इसकी बनावट और कार्यप्रणाली में समय-समय पर कई बदलाव और सुधार किए जाते रहे हैं। अब तो आधुनिक तकनीकों से लैस रोबोटिक और एआई तकनीक वाले वैक्यूम क्लीनर्स भी बाजार में आ चुके हैं।

**पोर्टेबल और बहुत ही उपयोगी:** इन दिनों यूज की जाने वाली वैक्यूम क्लीनर, बिजली से चलने वाली एक ऐसी छोटी सी मशीन है, जिससे कार्पेट्स और फर्श पर पड़ी धूल, कागज के छोटे-छोटे टुकड़े, किताबों पर जमी धूल आदि की सफाई आसानी से की जा सकती है। इस मशीन को कोई भी व्यक्ति आसानी से हाथ में उठाकर सफाई कर सकता है। इसकी सहायता से दीवारों, पर्दों और नुकीली सतहों की सफाई भी की जाती है। सफाई करने के लिए यह एक बहुत ही उपयोगी मशीन है। *

- एफएमएन

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

# जंगल में बन गया पुल

बच्चो, तुमने नदियों पर बने पुल जरूर देखे होंगे। पुल के जरिए ही हम ट्रेन या अपने वाहन से नदी को आसानी से पार कर लेते हैं। सोचो, अगर पुल न होते तो किसी नदी को पार करना कितना मुश्किल होता? इस छोटी सी कहानी की किताब 'जानवरों ने पुल बनाया' में भी तुम पढ़ सकते हो कि नंदन वन में रहने वाले जानवरों के द्वारा एक नदी पर कैसे पुल बनाया जाता है? दरअसल, नंदन वन के बीच से एक नदी बहती थी। जब उसमें पानी का बहाव तेज हो जाता तो जंगल के जानवर नदी के उस पार नहीं जा पाते थे। इस समस्या के समाधान के लिए राजा शेर सिंह सारे जानवरों की सभा बुलाता है। फिर वहां सारे जानवर क्या-क्या बातें करते हैं, कैसे पुल बनाने की तैयारी होती है, कौन सा जानवर क्या काम करता है और पुल कैसे बनता है? यह जानने के लिए तुमको यह किताब पढ़नी होगी। इस रंगीन चित्रों वाली किताब को पढ़कर तुम जानोगे कि अगर सब मिलकर काम करें तो बड़े-कठिन काम भी आसानी से पूरे हो सकते हैं। *




**पुस्तक:** जानवरों ने पुल बनाया, **लेखक:** डॉक्टर घमंडीलाल अग्रवाल, **मूल्य:** 90 रुपए, **प्रकाशक:** सूर्य भारती प्रकाशन, दिल्ली

## हंसगुल्ले



**सोनू :** यार, ये दर्दनाक का क्या मतलब होता है?
**मोनू :** तुम्हें इतना भी नहीं पता! 'दर्दनाक' का मतलब होता है 'नाक में दर्द।'
-मुस्कान, बिलासपुर

**नव्या :** रात को सूरज क्यों नहीं दिखाई देता है?
**नैंसी :** क्योंकि वह पूरे दिन आसमान में घूम-घूमकर थक जाता है, इसलिए रात को सो जाता है।
-खुशबू, ई-मेल से

**टीचर :** न्यूटन का नियम बताओ।
**राजू :** सर, पूरा तो याद नहीं, लास्ट की लाइन याद है।
**टीचर :** चलो, लास्ट की ही सुनाओ।
**राजू :** ...और इसे ही न्यूटन का नियम कहते हैं।
-तनुजा, रायपुर

## जीके क्विज-174

1. आईसीसी की ताजा रैंकिंग के अनुसार दुनिया का नंबर वन टी-20 बैट्समैन कौन बना है?
2. छत्तीसगढ़ का कौन-सा जिला आधिकारिक रूप से भारत का पहला बालविवाह मुक्त जिला घोषित किया गया है?
3. जिम कार्बेट नेशनल पार्क किस राज्य में स्थित है?
4. छत्रपति शिवाजी की मां का नाम क्या था?
5. संयुक्त राष्ट्र दिवस कब मनाया जाता है?
6. रेडियो की खोज किसने की थी?
7. कौन-सा विटामिन रक्त का थक्का बनने में सहायक होता है?
8. दूध में कौन-सा एसिड पाया जाता है?
9. ओडिशा की राजधानी कहां है?
10. थार मरुस्थल भारत के किस राज्य में स्थित है?



बच्चो, जीके क्विज-174 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-173 का उत्तर :** 1 अग्नि-पी, 2.रानी मुखर्जी, 3.ह्वांगहो, 4.यमुना, 5.काला, 6.इटली, 7.चीन में, 8.बोधगया, 9.किडनी, 10.मैलिक अम्ल

**जीके क्विज-173 का सही उत्तर देने वाले :** ज्योति-बैकुंठपुर, कबीर-हिसार, ललित-रायपुर, अंकिता-रोहतक, कुसुम-भोपाल, कनिष्क-बिलासपुर, रोशन-बलौदा बाजार, रमेश-बैकुंठपुर, अजय-महासमुंद, राशि-बालोद, विकास-बेमेतरा, राजू-दुर्ग, अंकित-कांकेर, हर्ष-दिल्ली, साकेत-धमतरी, सृष्टि-हिसार



कहानी

सुधा रानी तैलंग

घर में पपी आया तो गट्टू का क्या, दादाजी का भी प्यारा साथी बन गया। गट्टू खाली समय में पपी के साथ खेलता तो दादाजी भी इस खेल में शामिल हो जाते। कुछ ही दिनों में नन्हा पपी पूरे परिवार का लाडला बन गया। एक प्यारी-सी कहानी।

# गट्टू को मिला नया दोस्त

छह साल का गट्टू अपने दादाजी के संग पार्क से लौट रहा था। रास्ते में ही उसे छोटा-सा प्यारा पपी दिखा। उसके एक पैर से खून बह रहा था। वह दर्द से कराहते हुए कूं.. कूं कर रहा था।

गट्टू ने दादा जी से कहा, 'दादू, पपी को हम अपने घर ले चलते हैं। देखिए, बेचारे को कितनी चोट लगी है।'

'हां बेटा, हमें इसे अपने घर ले चलना चाहिए।' कहते हुए दादाजी ने पपी को अपनी गोद में उठा लिया।

घर आकर दादाजी ने गुनगुने पानी में एंटिसेप्टिक लिक्विड डाल कर पपी के पैर की कॉटन से सफाई की फिर कपड़े से पैर पोछकर उसके घाव पर दवाई लगाई।

गट्टू ने अपना हाथ आगे बढ़ाया तो पपी ने अपना दूसरा पैर उसके हाथ में दे दिया। गट्टू बोला, 'देखिए दादाजी, पपी तो मुझसे दोस्ती कर रहा है।' गट्टू की बात सुनकर दादाजी ने मुस्कुराते हुए उसके गालों पर प्यार से थपकी लगाई। तभी गट्टू की मम्मी, पपी के लिए एक कटोरी में दूध-रोटी लेकर आ गईं। पपी बहुत भूखा था, उसने झटपट दूध-रोटी चट कर दिया। शाम को जब पापा ऑफिस से लौटे तो गट्टू ने पपी के मिलने, उसके चोटिल होने और उसे घर लाने की पूरी कहानी उन्हें बताई। पापा बोले, 'शाम हो रही है। पूरी तरह अंधेरा होने से पहले चलो इसे पार्क में वापस छोड़ आते हैं, इसकी मां परेशान हो रही होगी।'

'पर पापा मैं तो इसे घर पर ही अपने साथ रखूंगा।' गट्टू रोनी सूरत बनाकर बोला।

'नहीं बेटा, जिद नहीं करते।' गट्टू को समझाते हुए पापा पपी को लेकर पार्क में चले गए। वहां चारों तरफ ढूंढा पर पपी की मां कहीं नहीं मिली। पापा और गट्टू पपी को साथ लेकर वापस घर आ गए। आते ही गट्टू चहकते हुए दादाजी से बोला, 'दादू, अब तो पपी हमारे साथ ही रहेगा। इसकी मां तो मिली ही नहीं।' दादाजी हंसते हुए बोले, 'बहुत बढ़िया! चलो तुम्हें खेलने के लिए एक नया दोस्त मिल गया। पर एक शर्त है कि तुम्हें अपनी पढ़ाई पर पूरा ध्यान देना होगा।'

'ओके दादू!' गट्टू ने खुश होते हुए कहा।

बस फिर क्या था, पूरे घर में ही एक नए मेहमान पपी के आने से खुशी का माहौल बन गया। पपी के लिए एक छोटा और सुंदर सा गले का पट्टा आ गया। उसके लिए नरम कपड़े का बिछौना तैयार हो गया। कुछ ही दिनों में पपी का पैर भी ठीक हो गया और वह पूरे घर में उछल-कूद करने लगा।



दादाजी और गट्टू नन्हे पपी के साथ खूब खेलते थे। आगे-आगे पपी, फिर दादा जी, पीछे-पीछे गट्टू। कपड़े की बनी गेंद से पपी के साथ खेलने में गट्टू के साथ दादाजी को भी खूब मजा आता।

यह सब देखकर एक दिन पापा बोले, 'पपी के आ जाने से एक बात तो अच्छी हुई कि पहले बाबूजी पूरे दिन लेटे रहते थे, अब देखो कितनी दौड़ लगाते हैं। कितने खुश रहते हैं। लगता है अब उनकी सेहत पहले से अच्छी हो जाएगी और उनकी दवाइयां भी धीरे-धीरे कम हो जाएंगी।'

यह सुनते ही दादाजी हंसते हुए बोले, 'तुम सच कह रहे हो बेटा। पपी के आने से पूरे घर में कितनी रौनक आ गई है। मेरे बूढ़े शरीर में ताकत आ गई है। क्या करूं बेटा, तुम और बहू दोनों सुबह ऑफिस चले जाते हो और गट्टू अपने स्कूल। आखिर मैं अखबार कब तक पढ़ूं और टीवी भी कब तक देखूं? पहले तो मेरा समय ही नहीं कटता था। अब इस पपी के आने के बाद से समय कैसे बीत जाता है, पता ही नहीं चलता।'

'हां, यह बात तो सच है बाबूजी।' पापा ने कहा।

सचमुच वह नन्हा-नटखट पपी, दादाजी और गट्टू का बहुत ही प्यारा साथी बन गया था। गट्टू जब स्कूल जाता तो पपी उसे बाहर तक छोड़ने जाता। उसके लौटते समय दरवाजे पर बैठ जाता और पूंछ हिला कर गट्टू का स्वागत करता। सुबह जब न्यूज पेपर आता तो पपी मुंह में दबाकर सबसे पहले जाकर दादाजी को देता। कुछ ही दिनों में वो क्यूट पपी पूरे परिवार का लाडला बन गया। गट्टू तो बहुत ही खुश था, क्योंकि उसे एक प्यारा दोस्त जो मिल गया था। *

कविता

शादाब आलम



## बस्ता बोले

बस्ता बोले, आओ जी
हंसकर मुझे उठाओ जी।
बोझ नहीं हूं साथी हूं मैं
मुझपे मत गुस्साओ जी।
मुझमें कितनी चीज तुम्हारी
गिनकर जरा बताओ जी।
इमली, चूरन, सौंफ, चने, गुड़
मुझमें कहीं छुपाओ जी।
लंच ब्रेक में मित्रों के संग
खूब मजे से खाओ जी।
कभी किसी दिन टीचर जी से
अगर इजाजत पाओ जी।
अपने सभी खिलौने भरकर
विद्यालय ले जाओ जी।

## अंतर बताओ


बच्चो, यहां पानी में तैरती हुई एक नन्ही जलपरी के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन चित्रों में सात अंतर हैं। तुम्हें दो मिनट में ये सात अंतर खोजने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट सभी सात अंतर खोजो।



**उत्तर:** 1. जलपरी के बाएं हाथ में मोती वाला सीप बंद है। 2.पीछे बायीं तरफ दो के बजाय तीन मछलियां तैर रही हैं। 3.दाहिनी तरफ सी-हॉर्स के बॉडी पर ब्लैक स्पॉट्स हैं। 4.ऊपर दायीं तरफ तैर रही नन्ही मछलियां गायब हैं। 5.आगे बायीं तरफ दो के बजाय तीन पिंक कोरल हैं। 6.पिंक कोरल्स के बगल में दायीं तरफ छोटी-सी केव दिख रही है। 7.आगे दिख रहे व्हील में एक रॉड कम है।

## सही मिलान करो

बच्चो, दिए गए चित्र में अलग-अलग जानवरों के शरीर का आधा हिस्सा बायीं तरफ और बाकी आधा हिस्सा दायीं तरफ दिया गया है। तुम पेंसिल या पेन की सहायता से इनका सही मिलान करो और जानो कौन-सा जानवर है?




उत्तर : A-3, B-4, C-2, D-1

## खबर संक्षेप

### जमालपुर में संयुक्त किसान मोर्चे की बैठक

**बवानीखेड़ा।** गांव जमालपुर के पंचायत घर में संयुक्त किसान मोर्चे के महत्वपूर्ण घटक ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन (एआईकेकेएमएस) के बुलावे पर किसान पंचायत आयोजित की। पंचायत की अध्यक्षता गुलाब सिंह नेहरा ने की। मुख्य वक्ता एआईकेकेएमएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष संयुक्त किसान मोर्चे के एक प्रमुख नेता सत्यवान के सुधीन्द्र पपोसा, दयानंद, सतबीर बोहर, महेंद्र कटारिया, सुखबीर, रोहतास ने सुझाव रखे।

### विभिन्न संगठनों ने डॉ. पप्पू को किया सम्मानित

**भिवानी।** किसान मजदूर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर पूर्णसिंह मुजफ्फरनगर, प्रदेशाध्यक्ष विनोद राणा थंबड़, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य कृष्णलाल और स्वधर्म शोध संस्थान के अध्यक्ष कर्मबीर तिगड़ाना ने बृजपाल पप्पू को राजपूत प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष चुने जाने पर उनके निवास स्थान खरक में जाकर सम्मानित किया। ठाकुर पूर्णसिंह ने डॉक्टर बृजपाल पप्पू को हरियाणा में किसान और मजदूर की आवाज बनने के लिये मार्गदर्शन किया।

### स्काउट एंड गाइड शिविर का सफल समापन

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा क्षेत्र के गांव बड़सी में हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड का प्रवेशिका शिविर उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। यह शिविर जिला संगठन स्काउट-गाइड की ओर से नरेश कुमार एवं उनकी टीम के नेतृत्व में आयोजित किया गया। शिविर के दौरान विद्यार्थियों को स्काउट-गाइड नियम, अनुशासन, प्राथमिक चिकित्सा, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं नेतृत्व कौशल के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

### अखिल भारतीय किसान सभा की बैठक आयोजित

**भिवानी।** अखिल भारतीय किसान सभा भिवानी की जिला कमेटी की बैठक ओबरा गांव में जिला प्रधान रामफल देशवाल की अध्यक्षता में हुई तथा बैठक का संचालन सभा के जिला सचिव मास्टर जगरोशन ने किया। बैठक में हालही में आई बाढ़, जलभराव व निकासी खरीफ फसल बर्बादी, मंडियों में बाजरा, कपास, मूंग व धान की सरकारी खरीद नहीं होना, किसानों को डीएपी खाद न मिलना, ट्यूबैल कन्केशन पैंडिग, 350 करोड़ रुपये बीमा फ्राड की जांच की मांग की।

## मुख्यमंत्री की घोषणाएं दस माह बाद भी नहीं हुई लागू : राठी

# पटवारियों व कानूनगो ने मांगों को लेकर डीसी को सौंपा ज्ञापन

प्रशिक्षु पटवारियों को स्वतंत्र प्रभार दिया गया है जो एक अक्तूबर से दिया जाना था

- तीन दिन तक काली पट्टी बांधकर कार्य किया
- सरकार पर लागया वायदा खिलाफी का आरोप



भिवानी। धरने पर बैठे पटवारियों को संबोधित करते एक वक्ता। फोटो : हरिभूमि

- सरकार जल्द नोटिफिकेशन जारी करें नहीं तो हड़ताल में सख्त कदम उठाया जा जाएगा
- मांगे पूरी न होने पर बड़े स्तर पर होगा आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

दि रेवेन्यू पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन हरियाणा के आह्वान पर अपनी जायज मांगों को लेकर आज जिला उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। सोमवार से बुधवार तक तीन दिन तक काली पट्टी बांधकर कार्य किया। जिले के तमाम पटवारी, कानूनगो और प्रशिक्षु पटवारियों ने उपायुक्त कार्यालय के बाहर सुबह 9 बजे से सांय 5 बजे तक सांकेतिक धरना दिया गया। राज्य उप प्रधान विकास राठी ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा की गयी घोषणा के दस माह बीत जाने पर भी लागू न करना सरकार की कार्यप्रणाली और छवि पर गंभीर सवाल पैदा करता है। निदेशक भू अभिलेख द्वारा जारी पत्र अनुसार ना तो पेपर लिए जा रहे हैं और पत्र अनुसार ना ही अब तक प्रशिक्षु पटवारियों को स्वतंत्र प्रभार दिया गया है जो एक अक्तूबर से दिया जाना था। जिला प्रधान सुनील कुमार ने कहा कि सरकार जल्द से जल्द नोटिफिकेशन जारी करें नहीं तो हड़ताल जैसा सख्त कदम उठाया जा जाएगा। धरने को रिटायर्ड कर्मचारी संघ से रत्न जिन्दल, मास्टर शेर सिंह, रोडवेज से दिलबाग लांबा आदि ने संबोधित किया। मंच संचालन शैलेन्द्र कुमार पटवारी ने किया। धरने की अध्यक्षता जिला प्रधान सुनील कुमार ने की। इस अवसर पर कानूनगो दिलीप, कुलदीप कानूनगो, राजेन्द्र जाखड़ कानूनगो ,नारायण कानूनगो , पटवारी मोहन लाल, समेर कानूनगो, माड़ूराम कानूनगो, तहसील प्रधान विक्रांत शर्मा, प्यारेलाल आदि रहे।

### किसानों की मांगों को लेकर ओबरा में किसानों की बैठक आयोजित

**बहल।** अखिल भारतीय किसान सभा भिवानी की जिला कमेटी की बैठक ओबरा गांव में जिला प्रधान रामफल देशवाल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में बाढ़ से खराब फसलों का मुआवजा, जलभराव की निकासी के अलावा बाजरे की खरीद सुनिश्चित करने जैसे मुद्दे उठाए गए। वीरवार को आयोजित बैठक में किसान सभा के जिला सचिव मास्टर जगरोशन ने कहा कि 350 करोड़ रुपए का किसानों का लंबित बीमा क्लेम, लंबित बिजली ट्यूबवेल कनेक्शन, डीएपी की कमी जैसे मुद्दों के समाधान को लेकर जिला प्रशासन व सरकार कतई गंभीर नहीं है। इस संकट की घड़ी में किसानो, मजदूरों की भारी उपेक्षा की जा रही हैं, जो कि अनुचित है। उन्होंने कहा कि सरकार जिन्सों की सरकारी खरीद न करके किसानों को लुटवा रही है। जलभराव की निकासी नहीं करवा रही है और बर्बाद फसलों का प्रति एकड़ 50000 रुपया मुआवजा भी नहीं दे रही है। बाढ़ व जल भराव से पीड़ित लोगों को हुए जान माल के हुए नुकसान की भरपाई नहीं कर रही है। रबी फसल बुआई के लिए खाद बीज के लिए किसान दर दर की ठोकरें खा रहे हैं। मजदूरों को फसल बर्बादी के बाद काम नहीं मिल रहा है। इन मुद्दों के समाधान को लेकर किसान सभा व सीटू मिलकर 16 अक्तूबर को जिला उपायुक्त कार्यालय भिवानी के सामने प्रातः 11 बजे प्रदर्शन करेंगे जिसमें पूरे जिले से सैकड़ों किसान मजदूर व महिलाएं शामिल होंगी। इस प्रदर्शन में अन्य किसान मजदूर संगठनों को भी आमन्त्रित करने का निर्णय लिया है। आज की बैठक में किसान सभा के जिला पदाधिकारी मास्टर उमराव सिंह , कामरेड ओम प्रकाश , दयानन्द पूनिया सहित कई सभा के पदाधिकारी व जिला कमेटी सदस्य शामिल रहे।

# विरोधी वर्ग के वोट काट देना भी वोट चोरी: कमल




भिवानी। शहीद भगतसिंह चौक पर विरोध जताते संयुक्त किसान मोर्चा व युवा कल्याण संगठन के पदाधिकारी व सदस्य। फोटो : हरिभूमि

- बदनियति से की जा रही एसआईआर लोकतंत्र पर प्रहार की साजिश : दलीप
- वोट अधिकार जन चेतना प्रदर्शन 48वें दिन निरंतर जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

शहीद भगत सिंह चौक पर 22 अगस्त से शुरू किया 'वोट अधिकार जन चेतना प्रदर्शन' 48वें दिन निरंतर जारी रहा। प्रदर्शन लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा उठाई गई 'वोट अधिकार' की आवाज के अनुरूप एवं देश में चोरी होते वोटों बाबत जनचेतना के लिए संयुक्त किसान मोर्चा के तत्वावधान में किया जा रहा है। प्रदर्शन में युवा कल्याण संगठन ने भागीदारी की। प्रदर्शन परिवर्तित समय के अनुसार हर रोज शाम को 5:30 बजे से 7:00 बजे तक किया जाता है। मोर्चा संयोजक दलीप सिंह सांगवान ने बताया की युवा कल्याण संगठन के संरक्षक कमल सिंह प्रधान ने वोट अधिकार एवं वोट चोरी के महत्व को समझते हुए युवा कल्याण संगठन की टीम को प्रदर्शन में भागीदारी के लिए भेजा है।

### वोट के अधिकार को समझते हैं बुद्धिजीवी

मोर्चा संयोजक दलीप सिंह सांगवान ने कहा कि देश का बुद्धिजीवी वर्ग वोट के अधिकार एवं लोकतंत्र की अहमियत को अच्छी तरह समझता है और किसी भी कीमत पर लोकतंत्र को खोना नहीं चाहता। बदनियति से की जा रही एसआईआर लोकतंत्र पर प्रहार है। वर्तमान भाजपा सरकार लोकतंत्र पर प्रहार करते हुए पूरे देश में एसआईआर लागू करना चाहती है, ताकि पूरे देश की मतदाता सूचि को तहस नहीं किया जा सके। एसआईआर के नाम पर बिहार में बड़ी संख्या में भाजपा विरोधी वोट गायब कर दिए गए हैं, अगर हम फिर भी देश में लोकतंत्र समझते हैं तो यह हमारी भूल है। इस अवसर पर मुकेश शर्मा ढाणीमाहू, देशमुख दादरवाल, अनिल शेषमा, अनूप राठी, बलबीर सिंह बजाड़, अजमेर खासा, अशोक खरियावास, प्रदीप कालीरमन, विकास व रमन आदि प्रदर्शनकारी उपस्थित रहे।

# गरिमा ने लॉग जंप में पाया प्रथम स्थान तो निकुंज दौड़ में अव्वल



बवानीखेड़ा। रीमा व निकुंज को विधायक कपूर वाल्मीकि सम्मानित करते हुए।

बवानीखेड़ा। बवानी खेड़ा की गरीमा व निकुंज ने खेलों में अपनी अदभूत प्रतिभा का हुनर दिखाते हुए अव्वल स्थान प्राप्त किया। शहर में पहुचंने पर जहां दोनो खिलाड़ियों का फूल मालाओं से स्वागत किया गया और शहरवासियों ने खिलाड़ियों को पलकों पर बिठाया तो वहीं विधायक कपूर वाल्मीकि ने भी खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाते हुए सम्मानित किया। जानकारी देते हुए डीपीई देवेन्द्र अत्री ने बताया कि फरीदाबाद में आयोजित 58वीं राज्य स्तरीय स्कूली खेल प्रतियोगिता में भाग लेते हुए उनकी दोनों लाडलियों में गरिमा ने लॉन्ग जंप में प्रथम स्थान प्राप्त किया व निकुंज ने रेस में चैथा स्थान हासिल किया। वहीं विधायक कपूर वाल्मीकि ने भी दोनों बहनों को सम्मानित किया और अपने पिता की भांति प्रतिभावान बनने का आशीर्वाद देते हुए बताया कि बेटियों की इस खेल भावना और मेहनत को देखकर मन अत्यंत प्रसन्न हुआ।

# छात्राओं ने मेहंदी की प्रतियोगिताओं में दिखाई प्रतिभा, किया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



भिवानी। शिक्षकों के साथ प्रतिभागी छात्राएं।

राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में कॉलेज स्तर की मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता में छात्राओं ने भारतीय परंपरागत व आधुनिक मेहंदी डिजाइन के विभिन्न प्रकारों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में छात्राओं ने भारतीय मेहंदी, आधुनिक मेहंदी, ज्वेलरी मेहंदी, अरबी मेहंदी, टैटू मेहंदी, न्यूनतमवादी मेहंदी जैसी विभिन्न श्रेणियों में भाग लिया। आयोजकों ने बताया कि प्रत्येक श्रेणी में विजेता छात्राओं को पुरस्कार राशि और प्रमाण पत्र प्रदान किए। प्रतियोगिता में मुस्कान, चंचल, सलोनी, कोमल, हिमांशी, रुखसाना, मोनिका, पूनम, अमृता, करिश्मा, दीपिका, तनु, रिया, रिंकी, निकिता और आशा सभी विजेता रही। निर्णायक मंडल की भूमिका में डॉ. रेनूबाला, डॉ. मंजू और डॉ. ललिता रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. त्रिलोकचंद ने की और संचालन प्रभारी प्रोफेसर मोनिका ने किया। इस अवसर पर प्रोफेसर ईशा, प्रोफेसर अनिता शर्मा, प्रोफेसर सीमा बूमरा आदि उपस्थित रहे।

## न्यूज डायरी

### ऑफलाइन ट्रेनिंग का हुआ समापन

**बवानीखेड़ा।** हरियाणा राज्य में पहले हुए प्रशिक्षण से वंचित रहे एबीआरसी, बीआरपी कर्मचारियों ने एससीईआरटी गुरुग्राम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। प्रशिक्षण चार दिन के लिए निर्धारित किया गया था जिसका समापन हुआ। कार्यक्रम के शुरुआत से लेकर समापन तक कार्यक्रम में निदेशक आईएएस संवर्तक सिंह, एडिशनल डायरेक्टर सुनील कुमार सहित, ईटी विंग प्रमुख मनोज कौशिक ने अहम भूमिका अदा की। 4 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक एससीईआरटी गुरुग्राम में आयोजित कार्यक्रम में ट्रेनिंग देने के लिए कलायत से डॉ. नरेंद्र कुमार बाल्यान, खरखौदा से किरण डारोलिया, सोनीपत से मोनिका दहिया, गन्नौर से शिवाली अंतिल, मातनहेल से मोनिका रहे।

### समान न्याय के लिए न्याय पालिका प्रतिबद्ध: भगत

**भिवानी।** शहीद रमेश कुमार राजकीय वमा विद्यालय लोहानी में नालसा, डलसा के निर्देशानुसार नेशनल लीगल सर्विसेज डे 2025 कार्यक्रमानुसार कला व फोटोग्राफी कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में प्राचार्य भगत सिंह कोठारी ने नेशनल लीगल सर्विस डे के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां सांझा की और संविधान में सबके लिए न्याय और समान न्याय के प्रावधानों के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि सरकार और न्यायपालिका संविधान के अनुसार सबके लिए न्याय को प्रतिबद्ध है।

### उपायुक्त ने बैठक लेकर दिए जरूरी निर्देश

**चरखी दादरी।** उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने 7वीं बटालियन राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण बठिंडा की टीम के साथ बैठक की और जरूरी दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि टीम की ओर से जिला के ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में लोगों को आपदा के समय बरती जाने वाली सावधानियों को लेकर जागरूक करें। इस दौरान लोगों को पर्टिकल करके दिखाए। इसी कड़ी में दूसरे दिन टीम ने जनता कालेज में सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार की आपदाओं के प्रति जागरूक किया।

### संवैधानिक संस्थाएं दबाव में : श्योराण

**बाढड़ा।** देश में संवैधानिक संस्थाओं को स्वतंत्र तरीके से काम नहीं करने दिया जा रहा है, जिससे आमजन को भारतीय संविधान में मिले अधिकारों का हनन हो रहा है। यह बात पूर्व विधायक व वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सोमबीर सिंह श्योराण ने गांव कादमा, झोझू कलां और बाढड़ा के दौरे पर ग्रामीणों के समक्ष कही। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार और चुनाव आयोग पर गंभीर सवाल उठाए। सुप्रीम कोर्ट ने भाजपा के वोट चोरी अभियान को लेकर जो टिप्पणी की है, उसने चुनाव आयोग की असलियत उजागर कर दी है।

### कांग्रेस ग्रामीण जिलाध्यक्ष ने ली बैठक

**तोशाम।** सिवानी गांव में कांग्रेस ग्रामीण जिला अध्यक्ष अनिरुद्ध चौधरी ने कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक ली। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य पार्टी संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करना और कांग्रेस की विचारधाराओं को जन-जन तक पहुंचाना था। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए कांग्रेस ग्रामीण जिला अध्यक्ष अनिरुद्ध चौधरी ने बताया कि सिवानी में आयोजित इस बैठक में कार्यकर्ताओं को पार्टी को मजबूत करने और उसकी नीतियों एवं विचारधाराओं को आम जनता तक पहुंचाने का संकल्प दिलाया गया है। उन्होंने जोर दिया कि पार्टी का लक्ष्य हर वर्ग तक पहुंच बनाना और उनकी समस्याओं का समाधान करना है।

# यदुवंशी शिक्षा निकेतन के विद्यार्थियों ने विभिन्न स्पर्धाओं में पाई सफलता



चरखीदादरी। हरियाणवी नृत्य की प्रस्तुति देती छात्राएं।

**चरखी दादरी।** मंदौला स्थित यदुवंशी शिक्षा निकेतन विद्यालय के विद्यार्थियों ने ब्लॉक स्तरीय बाल भवन नृत्य, समूहगान तथा कला शिल्प प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। नृत्य प्रतियोगिता में कक्षा बारहवीं की सुनीता ने सोलो नृत्य समूह चौथा वर्ग में प्रथम, दसवीं की कनिष्का ने सोलो नृत्य समूह तृतीय वर्ग में तृतीय स्थान जीता। समूह नृत्य में विद्यालय के चौथे समूह ने प्रथम, प्रथम और द्वितीय समूहों ने द्वितीय स्थान अर्जित किया। वहीं समूहगान प्रतियोगिता में तीसरे समूह ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर द्वितीय और चतुर्थ व द्वितीय ग्रुप को सांत्वना पुरस्कार के लिए चयनित किया। कला एवं शिल्प प्रतियोगिता में विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपनी सृजनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। ज्योति ने रंगोली में द्वितीय, हिमांशी ने लेखन में तृतीय, पलक ने दीया निर्माण में तृतीय, हर्षिता ने कले मॉडलिंग में तृतीय, हितेश ने स्थल पर रेखांकन में तृतीय तथा हर्षित ने चतुर्थ स्थान जीता।

# चार खिलाड़ियों का स्कूली राज्य स्तरीय नेटबॉल के लिए चयन

**चरखी दादरी।** परसराम हेतराम स्कूल के विद्यार्थियों का खेलों के क्षेत्र में लगातार उत्कृष्ठ प्रदर्शन जारी है। विद्यालय के बचें ने खेल जगत में एक और उपलब्धि हासिल कर हाल ही में आरपीएस स्कूल चरखी दादरी में आयोजित ट्रायल्स के दौरान चार खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय नेटबॉल प्रतियोगिता के लिए जगह बनाई। चयनित खिलाड़ियों में हर्ष गर्ग, हर्षित, वंश और प्रथम बंसल शामिल हैं। खिलाड़ियों की सफलता से विद्यालय में हर्ष का माहौल है। यह प्रतियोगिता आगामी 11 से 13 अक्टूबर तक होगी। प्रधानाचार्य ओपी तिवारी ने चयनित खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि उपलब्धि उनकी मेहनत, लगन व कोचिंग का परिणाम है। विद्यालय के डीपीई ललित परमार ने खिलाड़ियों की सफलता पर खुशी जताई।




चरखीदादरी। कोच के साथ चयनित खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

# सर्विसीज के मुक्केबाज को हराकर भिवानी के दक्ष ने जीता गोल्ड मेडल

- मुक्केबाज विशाल को 3-2 के अंतर से हराकर जीता पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी




स्वर्ण पदक विजेता दक्ष।

तमिलनाडु के चेन्नई में एक से 7 अक्तूबर तक हुए बॉक्सिंग फेडरेशन कप (बीएफआई)-2025 में मिनी क्यूबा के गांव सिवाड़ा निवासी सूबेदार बलबीर सिवाड़िया के पौत्र दक्ष ने 90 किलोग्राम भारवर्ग में साई की तरफ से खेलते हुए सेना के मुक्केबाज विशाल को कड़े मुकाबले में 3-2 के अंतर से हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया। प्रतियोगिता में दक्ष ने पहले मुकाबले में भारतीय रेलवे के मुक्केबाज हरप्रीत को एक तरफा मुकाबले में 5-0 से हराकर जीत हासिल की। दूसरे मुकाबले में ऑल इंडिया पुलिस के मुक्केबाज शंकर को भी 5-0 से हराकर एक तरफा हराया। तीसरे मुकाबले सेमीफाइनल में उत्तराखंड के मुक्केबाज आशीष लाल डालाकोटी को भी 5-0 के एक तरफा हराकर फाईनल में प्रवेश किया। कप में मिनी क्यूबा के दक्ष ने स्वर्ण पदक हासिल कर न केवल गांव, बल्कि जिला व प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है।

### मेहंदी प्रतियोगिता में दिखाई छात्राओं ने प्रतिभा

**तोशाम।** बनवारीलाल जिन्दल सूईवाला महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कॉलेज की छात्राओं और महिला स्टाफ़ सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। महाविद्यालय ट्रस्टी देवेन्द्र देव शर्मा ने छात्राओं का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि मेहंदी प्रतियोगिता से छात्राओं की क्रियाशीलता, सृजनात्मकता, एकाग्रता एवं मिलकर कार्य करने की क्षमता का विकास होता है। इस दौरान महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. श्याम वशिष्ठ ने सभी महिलाओं को करवा चौथ पर्व की बधाई दी और कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से आपस में एकता का संचार होता है। हमें अपनी संस्कृति को मजबूत बनाने की इच्छा जागृत होती है।

## डीसी ने हांसी रोड स्थित पंडित नेकीराम शर्मा गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज परिसर का किया निरीक्षण

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों मिलेगी भिवानी को मेडिकल कॉलेज की सौगात

17 को सोनीपत में कार्यक्रम के दौरान भिवानी में नवनिर्मित मेडिकल कॉलेज का उद्घाटन प्रस्तावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



भिवानी। मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण करते उपायुक्त।

दीपावली पर्व पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों जिलावासियों को 17 अक्टूबर को वर्चुअल माध्यम से भिवानी में नव निर्मित पंडित नेकीराम शर्मा गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज की विधिवत रूप से सौगात मिलने वाली है। मेडिकल कॉलेज के उद्घाटन कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर डीसी साहिल गुप्ता ने वीरवार को हांसी रोड स्थित मेडिकल कॉलेज के नव निर्मित भवन का दौरा किया। यहां पर उन्होंने सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया और विभिन्न विभागों के साथ-साथ मेडिकल साइंस के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उद्घाटन समारोह में किसी प्रकार की कमी नहीं रहनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान एडीसी दीपक बाबू लाल करवा और एसडीएम महेश कुमार भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त साहिल गुप्ता ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी का 17 अक्टूबर को सोनीपत में कार्यक्रम है। इसी कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री द्वारा भिवानी में नवनिर्मित मेडिकल कॉलेज का उद्घाटन प्रस्तावित हुआ है। सोनीपत से प्रधानमंत्री श्री मोदी वर्चुअल माध्यम से मेडिकल कॉलेज का उद्घाटन करेंगे, जिसका सोनीपत से सीधा प्रसारण भिवानी कार्यक्रम में दिखाया जाएगा।

### व्यवस्था दुरूस्त करने के दिए निर्देश

इसी प्रकार से डीसी ने नगर परिषद कार्यकारी अधिकारी को घास की कटाई व सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश दिए ताकि पंडाल लगाने में किसी प्रकार की दिक्कत ना आए। उन्होंने कहा कि समारोह में शामिल होने वाले लोगों के लिए उचित वाहन पार्किंग की व्यवस्था की जाए, ताकि वाहनों से जाम की स्थिति ना बने। उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग, एनएच के साथ-साथ चिकित्सा शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए कि मेडिकल कॉलेज के नव निर्मित भवन के आसपास क्षेत्र को सही ढंग से दुरूस्त किया जाए। मेडिकल कॉलेज की शोभा देखते ही बननी चाहिए।

### चिकित्सा व अन्य सुविधाओं की जानकारी ली

इस दौरान डीसी ने मेडिकल कॉलेज के निदेशक डॉ. धीरज परिहार और डिप्टी मेडिकल सुप्रिंटेंडेंट डॉ. राजेश कुमार से मेडिकल कॉलेज में चिकित्सा व अन्य सुविधाओं तथा व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। वहीं दूसरी ओर डीसी ने सिविल सर्जन डॉ. रघुबीर शांडिल्य से भी चौ. बंसीलाल राजकीय सामान्य अस्पताल के साथ-साथ उनके स्टाफ द्वारा मेडिकल कॉलेज में दी जा रहीं स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी ली। इसी वर्ष से यहां पर मेडिकल के दाखिले शुरु हो चुके हैं, जिसमें 100 सीटों में से 80 सीटों पर प्रवेश हो चुका है।

## खबर संक्षेप

### मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर विस्तार व्याख्यान

**भिवानी।** कुलपति प्रो. दीप्ति धर्माणी के मार्गदर्शन और कुलसचिव डॉ. भावना शर्मा के निरंतर सहयोग से, चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय (सीबीएलयू) के मनोविज्ञान विभाग ने विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया। इस सत्र में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) रुड़की के डॉ. मनीष अस्थाना संसाधन व्यक्ति के रूप में शामिल हुए। डॉ. अस्थाना ने डिजिटल लत और गेमिंग पर केंद्रित एक ज्ञानवर्धक व्याख्यान दिया, जिसमें युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर इसके बढ़ते प्रभाव पर ज़ोर दिया गया।

### कांग्रेस शहरी जिलाध्यक्ष गुलिया के सम्मान में समारोह 12 को

**भिवानी।** ग्वार फैक्ट्री के पीछे सेवानगर कॉलोनी में 12 अक्टूबर को विशाल सभा का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान कांग्रेस शहरी जिला अध्यक्ष प्रदीप गुलिया जोगी का सम्मान समारोह भी होगा, जिसमें कांग्रेस के दिग्गज नेता और राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा मुख्यतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। इस दौरान कांग्रेस पार्टी की गतिविधियों को गति देने और संगठन को और अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है। समारोह के आयोजन को लेकर वीरवार को सेवा नगर में बैठक हुई। बैठक में कैप्टन राजेंद्र जांगड़ा, महेंद्र प्रजापत, दीपक चौहान,नौरंग शेखावत, प्रताप शर्मा, मनोज पहलवान, प्रदीप यादव अधिवक्ता, महेंद्र नायक आदि रहे।

### विधायक सर्राफ व नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने किया शुभारंभ

# 60 लाख की लागत से सुधरेगी मंडी टाऊन सेंटर इलाके की सेहत

लोगों की समस्याओं के निवारण किए जाने का भी भरोसा दिलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

अब वार्ड 17 (अनाजमंडी टॉऊन सेंटर) इलाके के लोगों के लिए राहत भरी खबर। उक्त इलाके में करीब 60 लाख रुपये की लागत से विकास कार्य होंगे। मंडी टाऊन सेंटर इलाके में पार्किंग व्यवस्था व सीवरेज व्यवस्था दुरुस्त होगी। उसके बाद उक्त इलाके के दिन पूरी तरह से फिर जाएंगे। इसी क्रम में गुरुवार को विधायक घनश्याम सर्राफ ,नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह व नप पार्षद सुभाष तंवर ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर निमार्ण का शुभारंभ करवाया। नप पार्षद सुभाष तंवर व अन्य लोगों ने क्षेत्र की कई अन्य मांगों की तरफ विधायक व नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि का ध्यान दिलाया। जिस पर दोनों जनप्रतिनिधियों ने इलाके सभी समस्याओं का निराकरण करवाए जाने का भरोसा दिलाया। इस दौरान वहां पर मौजूद लोगों का मुंह मीठा भी करवाया। इस दौरान नगर पार्षद सुभाष तंवर, नगर पार्षद संदीप यादव, अनाज मंडी प्रधान नरेश भरू,बजरंग बहेलिया,गणेश , विष्णु केड़िया,रामू सिंह, विजय लालावासिया,अरुण भगाड़िया आदि लोग मौजूद थे।



भिवानी। मंडी टाऊन सेंटर में नारियल फोड़कर निर्माण कार्यक्रम का शुभारंभ करवाते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

### पार्किंग के निर्माण कार्य का श्री गणेश हुआः तंवर

वार्ड संख्या 17 के पार्षद सुभाष तंवर ने बताया कि आज विधायक घनश्याम सर्राफ व नगरपरिषद के चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने मंडी टाऊन सेंटर में बनने वाली पार्किंग का नारियल फोड़कर शुभारंभ करवाया। अब से पहले यहां पर अव्यवस्था का बोलबाला था। यहां पर बैंक व व्यापारियों के प्रतिष्ठान होने की वजह से लोगों को अनेक तरह की समस्याएं उठानी पड़ रही थी। पार्किंग व सीवर व्यवस्था दुरुस्त होने के बाद लोगों को इन समस्याओं से छुटकारा मिल जाएगा।

### शहर के हर कोने का करवाया जाएगा विकासः भवानी

नगरपरिषद के चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने बताया कि मंडी टाऊन सेंटर में पार्किंग व अन्य समस्याएं कई दिनों से लंबित थी। आज इन कार्यों का विधायक घनश्याम सर्राफ के हाथों श्रीगणेश करवाया गया है। इनके अलावा जो भी इलाके के लोगों ने मांग व समस्याएं रखी है। उनका जल्द ही निराकरण व पूरा करवा दिया जाएगा। शहर के हर कोने का विकास करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि शहर की किसी भी गली को कच्ची नहीं रहने दिया जाएगा। जनता उनको सूचना दे और वे मौके पर पहुंचकर गली व अन्य विकास कार्यों का खाका तैयार करवाएंगे। ताकि जनता को सरकारी योजनाओं का फायदा मिल सके।

### सारे काम जल्द पूरे करवाए जाएंगेः सर्राफ

विधायक घनश्याम सर्राफ के समक्ष क्षेत्र के लोगों ने कई मांग रखी। जिनमें स्ट्रीट लाइट, सीवर, पानी की समस्या, मंडी के साथ वाली सड़क का निर्माण करवाए जाने, पार्क बनवाने की मांग की। इस पर विधायक श्री सर्राफ ने बताया कि उनकी सभी मांगों को जल्द पूरा करवाया जाएगा। थोड़ा बहुत सड़क के निर्माण में समय लग सकता है,लेकिन सड़क निर्माण के लिए आज से ही प्रयास आरंभ कर देंगे। ताकि जल्द ही सड़क के निर्माण का कार्य पूरा हो सकेगा। उन्होंने बताया कि सरकार के पास पैसे की कोई कमी नहीं है। बशर्ते वे सार्वजनिक कार्य लेकर आए। जनता द्वारा बताए गए विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करवाया जा रहा है।

# बीके. कॉलेज में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन



बवानीखेड़ा। बीके विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थितजन।

- विद्यार्थियों ने दिखाई सृजनात्मक प्रतिभा और सांस्कृतिक उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा स्थित बी. के. कॉलेज ऑफ एजुकेशन में आज करवा चौथ के शुभ अवसर पर छात्रों की सृजनात्मकता और सांस्कृतिक परंपराओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में बी.एड. प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य रविंद्र राठी द्वारा किया गया। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि करवा चौथ भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण पर्व है, जो सौंदर्य, समर्पण और पारिवारिक बंधन का प्रतीक है। ऐसी प्रतियोगिता विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ हमारी परंपराओं के प्रति सम्मान का भाव भी उत्पन्न करती हैं। प्रतियोगिता के दौरान छात्राओं ने पारंपरिक और आधुनिक डिजाइनों का सुंदर समावेश प्रस्तुत किया। किसी ने सुहाग की प्रतीकात्मकता को दर्शाया, तो किसी ने प्रकृति और भारतीय संस्कृति से जुड़ी आकृतियों को अपनी मेहंदी में उकेरा। पूरे परिसर में उल्लास और उत्साह का वातावरण देखने को मिला।

### विजेताओं को किया गया सम्मानित

इस अवसर पर शिक्षण स्टाफ की डॉ. साक्षी, डॉ. अंकित गोयल, डॉ. शर्मिला, सुश्री हर्ष, श्वेता भारद्वाज तथा कपिला वशिष्ठ ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई और प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया। वहीं गैर-शिक्षण स्टाफ के मनीष शंकर, परमोद बंसल, अशोक जाखड़ और प्रदीप कुमार ने भी कार्यक्रम की सफलता में सक्रिय सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम के अंत में विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। कॉलेज प्रशासन ने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएँ छात्राओं में आत्मविश्वास, सृजनशीलता और संस्कृति के प्रति जुड़ाव को बढ़ावा देती हैं।

# मेहंदी प्रतियोगिता में रुचिका और दिव्या ने मारी बाजी



तोशाम। आयोजित मेहंदी प्रतियोगिता में भाग लेती प्रतिभागी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

तोशाम के आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में करवा चौथ पर्व से एक दिन पूर्व मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कनिष्ठ वर्ग में कक्षा छठी से आठवीं तक की 70 छात्राओं और वरिष्ठ वर्ग में कक्षा नौवीं से बारहवीं तक की 75 छात्राओं ने प्रतियोगिता में भाग लिया।

इस दौरान प्रतियोगिता के कनिष्ठ वर्ग में सातवीं कक्षा की छात्रा रुचिका ने प्रथम स्थान, कक्षा आठवीं की छात्रा समीक्षा ने द्वितीय स्थान, कक्षा छठी की छात्रा कनिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार वरिष्ठ वर्ग में कक्षा बारहवीं की छात्रा दिव्या ने प्रथम स्थान, कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा प्रियंका ने द्वितीय स्थान, कक्षा नौवीं की छात्रा प्रियंका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में ऋतु और मीरा का कार्य सराहनीय रहा।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर सरिता, प्रेमलता, सत्यबाला, मनदीप, सरोज आदि समस्त स्टाफ सदस्यों सहित अनेक विद्यार्थी उपस्थित थे। सभी स्टाफ सदस्यों ने छात्राओं की प्रतिभा की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी।

# वैश्य महाविद्यालय में हुई मेहंदी प्रतियोगिता

- मेहंदी रचाओं प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्राओं ने अपना हुनर दिखाते हुए किया अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



भिवानी। मेहंदी प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी।

स्थानीय वैश्य महाविद्यालय भिवानी के महिला प्रकोष्ठ द्वारा करवा चौथ के उपलक्ष्य में मेहंदी रचाओं प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संजय गोयल के मार्गदर्शन एवं उपप्राचार्या प्रो सविता जैन व महिला प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ सीमा बंसल की देखरेख में किया गया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय की लगभग 20 छात्राओं ने भाग लिया। छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए मेहंदी के सुंदर-सुंदर डिजाइन बनाएं। महिला प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ सीमा बंसल ने सभी छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक होते हैं। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए महिला प्रकोष्ठ की संपूर्ण टीम को बधाई दी। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका प्राध्यापिका डॉ मोनिका मित्तल एवं श्रेया ने निभाई। मेहंदी रचाओं प्रतियोगिता के परिणामों की जानकारी देते हुए महाविद्यालय के प्रेस प्रवक्ता ललित शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्रा नेहा ने प्रथम,छात्रा रचना ने द्वितीय एवं छात्रा कीर्ति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# एडवोकेट हनवंत तंवर बने जिला बाल कल्याण समिति चेयरमैन

- अधिवक्ता संदीप छपारिया तथा मोनिका सैनी को बतौर सदस्य मिला अहम दायित्व।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

प्रदेश सरकार द्वारा लगातार यही प्रयास किया जा रहा है कि वो अधिक से अधिक सुविधाओं को आम जन तक पहुंचाये, विभिन्न कमेटियों व समितियों का गठन करते हुए प्रत्येक क्षेत्र से मौजिज लोगों को इसके साथ जोडा जा रहा है जिससे कि उनकी जन सेवा के भाव व अनुभव का लाभ सभी को मिल सके। इसी कडी में हाल ही में जिला बाल कल्याण समिति के सदस्यों के तौर पर अनेक नियुक्तियां प्रदेश सरकार के आदेश व निर्देश अनुसार दी गई है। इनमें विशेष तौर पर चेयरमैन के तौर पर एडवोकेट हनवंत तँवर को मनोनित किया गया है। जो वर्तमान में भिवानी अधिवक्ता परिषद् मे जिला कोषाध्यक्ष का दायित्व भी निर्वहन कर रहे है, तो दूसरी और लंबे समय से जन सेवा का अनुभव रखने वाले अधिवक्ता संदीप छपारियां को भी बतौर सदस्य शामिल किया गया है। इसके अलावा समिति में मोनिका सैनी, सुमन कुमारी, अनिता कुमारी को भी शामिल किया गया है।



भिवानी। जिला बाल कल्याण समिति के नवनियुक्त पदाधिकारी।

# देवसर में मनाया महर्षि वाल्मीकि प्रकट दिवस



भिवानी। देवसर गांव में महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए।

**भिवानी।** विश्व हिंदू परिषद- बजरंग दल भिवानी द्वारा आज महर्षि वाल्मीकि प्रकट दिवस देवसर में महर्षि वाल्मीकि प्रकट दिवस मनाया गया, जिसमें सभी ने भाग लिया, सामाजिक समरसता का संदेश दिया कि हम सभी एक है सभी हमारे वाल्मीकि भाइयो को विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल का भगवा पटका पहनकर सम्मानित किया,सभी ने मिलकर जय वाल्मीकि जय श्री राम का उद्घोष किया, क्योंकि वाल्मीकि के बना श्री राम नहीं है और श्री राम के बिना वाल्मीकि नहीं है। संपूर्ण हिंदू समाज के व्यक्ति उपस्थित रहे जिनमें, सरपंच राम भगत यादव, जिला पार्षद मोनू भाई, बीडीसी नीरज शर्माभाई, हमारे मेंबर हरिया प्रजापत, मेंबर सुरेंद्र शर्मा , इंदु भाई, डॉ रोहित, अजीत वाल्मीकि काला वाल्मीकि, संदीप, विकेश, गजेंद्र, नरेंद्र, और बाकी व्यक्ति भी उपस्थित रहे। गोपाल तंवर विश्व हिंदू परिषद ने बताया कि, समाज में सामाजिक समरसता के तहत हमें अपने हिंदू समाज के सभी भाइयों को एक जुट करना होगा और हिंदू समाज को मजबूत करना होगा।

# किसानों के साथ फसलों में खरीद के नाम पर हो रही है धांधलीः सुनैना

**बवानीखेड़ा।** इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी की वरिष्ठ नेत्री सुनैना चौटाला ने सरकार पर किसानों के साथ फसल बेचने को लेकर हो रहे विश्वासघात के लिए दोषी ठहराया है। सुनैना चौटाला बुधवार दोपहर कस्बे की अनाज मंडी में किसानों को संबोधित कर रही थी। उन्होंने बताया कि सरकार एक तरफ किशनी तहसील होने का दावा कर रही है वहीं दूसरी ओर फसल खरीद को लेकर उनके साथ विश्वासघात कर रही है। उन्होंने बताया कि इनेलो पार्टी किसानों मजदूर आदि के साथ हो रहे भेदभाव को बर्दाश्त नहीं करने वाली।



बवानीखेड़ा। तहसील कार्यालय में ज्ञापन सौंपते हुए।

# समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याओं पर की सुनवाई



चरखीदादरी। शिविर में समस्या सुनते सीटीएम प्रीति।

**चरखी दादरी।** समाधान शिविर में आने वाली नागरिकों की शिकायतों का तत्परता के साथ समाधान करना ही प्रशासन का दायित्व है। समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याओं पर सुनवाई करते हुए उनका समाधान सुनिश्चित किया जाता है। समाधान शिविर सप्ताह में दो दिन सोमवार और वीरवार सुबह 10 से 12 बजे तक आयोजित किए जा रहे हैं। वीरवार को लघु सचिवालय सभागार में आयोजित हुए शिविर में नगराधीश प्रीति रावत ने नागरिकों की समस्याओं पर सुनवाई की। समाधान शिविर में उन्होंने नागरिकों द्वारा परिवार पहचान पत्र, बिजली निगम, राजस्व विभाग, पंचायती विभाग, जलभराव से संबंधित शिकायतों को सुना। नगराधीश ने शिविर में विभिन्न प्रकार की शिकायत लेकर आए नागरिकों की समस्याएं सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को अविलंब समाधान के निर्देश दिए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8814999151, 9253681005, 8295157800

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज़ पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

### वशिष्ठ बनेंगे इंटरनेशनल मुएथाई सेमीनार में अन्तरराष्ट्रीय रेफरीः राहुल

**भिवानी।** मुएथाई खेल संघ के चार जज एवं रेफरी 13 से 16 अक्टूबर तक राजस्थान की पिंक सिटी जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में इंडिया में पहली बार होने वाले इंटरनैशनल मुएथाई जज व रेफरी सेमीनार में भिवानी से सोमबीर वशिष्ठ, अम्बाला से दीपक पारचे, पलवल से जोगेन्द्र राठौड़, फ़रीदाबाद से राकेश शर्मा का चयन हुआ है। चयनित चारों रेफरियों को मुएथाई खेल संघ के प्रदेशाध्यक्ष राहुल राणा ने खुशी जताते हुए खेल किट व शुभकामनाएं दी हैं। राणा ने बताया कि इंटरनैशनल सेमीनार भारत में पहली बार आयोजित किया जा रहा हैं, जो युनाईटीड़ मुएथाई एसोसिएशन इंडिया व इंटरनैशनल फेडरेशन ऑफ मुएथाई एसोसिएशन्स के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जाएगा।

### डिग्री को डिप्लोमा में बदलना छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ः सुमित

# समाजकार्य व पत्रकारिता डिग्री बहाली को लेकर दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय में समाज कार्य और पत्रकारिता विभाग की स्नातकोतर डिग्री को डिप्लोमा में बदले जाने के विरोध में छात्रों ने विश्वविद्यालय में हस्ताक्षर अभियान चलाया। अभियान में अध्यक्षता छात्र नेता सुमित बराड़ ने की, जबकि स्वीटी, प्रवीण बुरा, पंकज, अमन, युवराज, गुरदास, गुरदीप और रवि सहित अनेक छात्रों ने इसमें सक्रिय भागीदारी निभाई। छात्र नेता सुमित बराड़ ने प्रशासन के रवैये पर नाराजगी जताते हुए कहा कि ये हस्ताक्षर अभियान विश्वविद्यालय प्रशासन को यह एहसास दिलाने के लिए है कि सैंकड़ों छात्रों की आवाज अब दबाई नहीं जा सकती।




भिवानी। सीबीएलयू में धरने के दौरान विरोध जताते विद्यार्थी।

### हक के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं होगा

छात्र नेता ने कहा की डिग्री को डिप्लोमा में बदलना छात्रों की मेहनत, सम्मान और भविष्य से खिलवाड़ है। हमारी पढ़ाई, मेहनत और पहचान को यूं मिटाया नहीं जा सकता। स्टूडेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया से रोहतक जिला उपाध्यक्ष अमित पुनिया ने अपना समर्थन दिया और कहा कि हम विश्वविद्यालय प्रशाशन से मांग करते है कि जल्द से जल्द इन डिप्लोमा को पहले की भांति डिग्री में तब्दील किया जाए, क्योंकि विद्यार्थियों ने डिग्री के लिए आवेदन किया था, न कि डिप्लोमा के लिए भागीदारी की थी। डिग्री हमारा हक है, हक के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। वहीं पत्रकारिता विभाग के छात्र नेता मनोज ग्रेवाल ने कहा कि पत्रकारिता जैसी जिम्मेदार डिग्री को भी डिप्लोमा में बदलना शिक्षा की गरिमा को ठेस पहुंचाने जैसा है। अभियान में सैंकड़ों छात्रों ने अपने हस्ताक्षर कर डिग्री बहाली की मांग का समर्थन किया और प्रशासन से तत्काल निर्णय लेने की अपील की। छात्रों ने चेतावनी दी कि शीघ्र ठोस कदम नहीं उठाए तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा और प्रदेशव्यापी प्रदर्शन किए जाएंगे। अभियान में नवीन कौशिक, अजय, वसुधा, इंदु, पूजा, नैंसी व राहुल आदि मौजूद रहे।